IAS OFFICERS' ASSOCIATION, BIHAR BRANCH

# Prayaas

IN-HOUSE MAGAZINE

Jan-March. 2022

Year-2022 Issue-01 Regd. No. 953

*In this Issue ….*

CONTENTS


| | | | |
|---|---|---|---|
| 00 | Editorial | RU Singh | 0 |
| 01 | From Secretary's Desk | Dipak K Singh | 1 |
| 02 | From Editor's Desk | Deepak Anand | 2 |
| 03 | Farewell and Wecome | Principal Editor | 3-6 |
| 04 | नूतन वर्ष (कविता) | सुरेन्द्र प्र० सिन्हा | 7 |
| 05 | कानून का राज | जिया लाल आर्य | 8-9 |
| 06 | स्व० बी०के०सिन्हा | अभयानन्द | 10-11 |
| 07 | Administrative Law | Dr Birendra Prasad | 12-13 |
| 08 | बुद्धं शरणं (कविता) | दीपक आनन्द | 14-15 |
| 09 | हिन्दी का प्रारंभिक काल | देवेन्द्रनाथ शाहदेव | 16-17 |
| 10 | JM Lyngdoh | Principal Editor | 18-19 |
| 11 | लॉकडाउन (कविता) | राहुल रंजन महिवाल | 20-21 |
| 12 | सेवा का सुख | डॉ० अशोक कुमार | 22 |
| 13 | प्रेरक काव्य | गोपाल सिंह 'नेपाली' | 23 |
| 14 | Obituaries | Editorial Team | 24-26 |
| 15 | Success Story | Inayat Khan | 27 |
| 16 | Potpourris | Principal Editor | 28 |
| 17 | Activities | Dipak Kr Singh | 29 |
| 18 | Transfers & Postings | Editor | 30-32 |



IAS BHAWAN

## Editorial



Dear Colleagues,

I am again at your door with the first issue of our in-house magazine, **Prayaas** relating to the first quarter of the New Year-2022.

The New Year dawned with the promise of a good deal of hope for the society at large but it also brought in its wake the sad news of the passing away of some of our esteemed colleagues or their spouses, as detailed in the Obituaries published herein.

This issue also has a write-up on a heartful Farewell to the outgoing CS, Mr Tripurari Sharan and a hearty Welcome to the new incumbent, Mr Aamir Subahani. The march of Time has been going on and on in this manner, since the times immemorial.

In the recent past, we have seen streaks of light emanating from many of our districts, notably from Khagaria, Begusarai, Nawada, Sheikhpura and Purnea. It is an indication that the DMs not only look to the sky and stars but are also able to establish communion with the people on the ground and be accessible to them.

Awaiting contributions from members,

**RU Singh, IAS-(1961)**
Principal Editor
[Mob: 91133-04025]

Areus 17-02-22

Editorial Board :

**RU Singh,** IAS (Retd) Principal Editor

**Deepak Anand,** IAS (2007) Editor

Members :

**A.K. Choudhary,** IAS (1972)
**Sanjeev Kr. Sinha,** IAS (1986)
**Vivek Kr. Singh,** IAS (1989)
**Smt. Harjot Kaur,** IAS (1992)
**Gopal S. Prasad,** IAS (1986)
**Satish S. Thakur,** IAS (1987)

*All views and opinions expressed in the contributions are of their authors.*

## Photo Gallery

### Farewell to Outgoing Chief Secretary
### 31 December 2021

**An Inside View of the Conference Hall**



A View of the Audience

**The Dais**



[L-R] Messrs Sanjay Sinha, SK Singhal, Tripurari Sharan, Aamir Subahani, Amarendra K Singh, Vivek K Singh

**Passing the Mantle**



TRIPS to AAMIR

**The Parting Organic Gift of a Sapling**



[L-R] Mr Tripurari Sharan, Mr Aamir Subahani and Amarendra K Singh

**Organic Gift to DGP by Vice President, Vivek K Singh**



[L-R] Messrs Bimlanand Jha, Sanjay Sinha, SK Singhal, Vivek K Singh and Tripurari Sharan

**Farewell Speech by outgoing Chief Secretary**



[L-R] Sanjeev K Singhal, Tripurari Sharan, Aamir Subahani and Amarendra K Singh



# From Secretary's Desk

Dear Colleagues,

Another new year has come, with new glimmers of hope, new determinations. Though the life goes on continuously irrespective of month, date or year but our mind has been so ordained since the childhood that we start to feel a new energy inside when the first day of the month of January approaches. Most of us make one or more new year resolutions every year, but more often than not, they fade away from our mind, by the $15^{th}$ or $20^{th}$ of January, and the old routine continues till the next January approaches. Our mind, which is a terrible master, invents hundred ways to avoid the new strategies and stick to the old routine. It goads us to defer the actions for tomorrow, which never comes. Time comes when the celebrations of the New Year are over and the new year resolutions also completely fade away from our memories. Undoubtedly there are people, who are able to maintain the zeal and continue with their new year resolves, and it is they who get success and above all, happiness in life.

Key to achieving our goal, including the new year resolutions is to adopt targets that are neither vague nor over-ambitious, but clearly identifiable and amenable to be divided into quantitative sub-goals. Further, it must be accompanied by a clearly thought out strategy and advance planning of the steps – preferably baby steps. The ascent of each step and achieving the sub-goal, would then not only help us in reaching our target but would revitalize us, make us happy and further strengthen our resolve to move ahead.

In the ultimate analysis, all of us seek happiness. Each person has his own prescription for achieving happiness. My take is to live in present, neither rue over the past nor worry for the future. We can't undo what has already happened, so there is no point on reliving those moments again and again. Only relevance which they have for the present is to learn from the mistakes of the past and not to repeat them again. Similarly, only relevance of what may lie in future, is to plan and prepare for them today. Worrying for the future, when we don't know what lies there, can only ruin the present. No other purpose it serves. So, we must live in and for today, think and do what is to be done today. Only then can we make ourselves happy, no one else can. Each one of us have to think and devise our own way.

Meanwhile, wishing you happiness and bidding goodbye till the next issue,

Yours sincerely,

February 7, 2022.

**(Dipak Kumar Singh)**



# From the Editor's Desk

Dear Sisters and Brothers,

We dream of a perfect life. We set our goals and make our plans. We work hard — *and then life happens*. We lose our job. Our spouse is diagnosed with a life-threatening illness. The economy nosedives and wipes out our retirement savings. At first, we reel in shock as it all sinks in. Nothing makes sense. There are no clear answers. When we finally catch our breath, the questions overwhelm us. How will I ever get through this? What's going to happen to me? Will I survive? The things that were so important yesterday don't matter anymore. So what do you do? **Plan B.** For some, it's a spontaneous reaction, powered by adrenaline and fear. And even though you know there may be a better solution — a better way — you don't have the luxury of time to consider all the options, to look at the long-term effects of your choices. You take action because you *have* to. Sometimes, there's nothing you can do but wait for the smoke to clear, to see a true picture of the damage and evaluate - in retrospect - what might have prevented the problem in the first place. This often produces an assessment of blame and disenfranchisement of responsibility. "It wasn't my fault. I didn't deserve to be treated this way." Inevitably, the better question comes to the surface. "How could I have been better prepared?" Planning for the worst is not something we typically do. We're constantly told to think positive, to send our very best thoughts into the universe and wait for them to return to us ten-fold. But sometimes the universe has other plans. And when life delivers the unexpected, you need an emergency strategy, a ***Plan B*** you can immediately activate when your career, health, or some other aspect of your personal life falls apart. You will use a **Plan B** at some point in your life. The question is, how much influence will you have on its design and implementation? You can allow it to unfold by default, with its content, strategy, and options moulded by chance and circumstance. Or you can plan for negative contingencies, using your own pre-considered choices. Granted, you can't anticipate every possibility. But evaluating your current resources and fall-back options in a "what if" scenario will make you better prepared to make difficult decisions when your livelihood — or even your life — depends on it. **"All good will be attacked." — *Jim Rohn***. That being said, I think, we should construct our own personal **Plan B**.

This is not the time to lie to yourself with best-case scenarios or try to convince yourself that "everything will work out okay if I just wait it out." Try using a logic diagram, with inputs and outputs for both yes and no answers. If the answer is no, what are the possible options? The more options you have, the greater the chances of success. This can be extremely helpful in knowing what to do next, especially when emotion and the overwhelming nature of your circumstances leave you distraught or on the edge of panic. Filter advice and information obtained from others by what they have to gain or lose from your decision. If they're invested in your outcome, you'll need to factor their input accordingly. And remember, the opinions and advice of others carry no guarantee of making you happy or providing you with satisfaction in the long term. That's up to you. Relying too much on the advice of others may provide a scapegoat to blame for an unsatisfying future. But you're the one who will have to bear the weight of making choices that were ultimately wrong for you. The bottom line is this: When things go wrong, **try to hold on to as many "normal" activities in your life as possible.** Keep as many positive life rituals as possible, knowing this helps stabilize your mindset as you explore new options during this phase of your life. **"अभीष्टासिद्धिरस्तु"!**

Sincerely yours


**( Deepak Anand)**
Editor, Prayaas
Mob.: 7764000000

Date : February 22, 2022

**— Principal Editor**

# Farewell Tripurari Sharan and Welcome Aamir Subahani

The Secretary, IAS Association, Dipak Kumar Singh organized and admirably anchored the solemn function held at 5-00 PM on 31 December 2021 to bid Farewell to the retiring CS, Tripurari Sharan, known as Trips to many of us and to accord a hearty Welcome the next CS, Aamir Subahani, another gem of the Service. The function was also attended by the Vice president, Vivek Kumar Singh. I could mark my virtual presence at the deliberations through video-conferencing and heard the touching speeches by many members, capped up by the soothing speech made by Subahani who spoke with perfect pause and accent. Unfortunately, the audio went off and I felt sorry for not being able to listen to a major part of the speech by Trips.



**Tripurari Sharan**



**Aamir Subahani**

The following members conveyed their feelings on the qualities of head and heart of Trips through messages sent for the special occasion:

**JRK Rao:**

My message which was read out in the farewell of Tripurati Sharan:

My good friend Tripurari Sharan (Trips) takes leave from the hallowed portals of the Main Secretariat building, with a great sense of satisfaction. He took over when we were in a grip of pandemic and leaves at a time when the worst is, hopefully, behind us.

Farewells are occasions of mixed emotions, a tinge of sadness mingled with air of festivity. Ralph Waldo Emerson rightly said, 'Life is a journey not a destination.' We all embark on this journey as bright young persons and disembark as matured adults, like old wine we are respected for our vintage much after all the youthful exuberance is transmuted into stoical acceptance of reality.

Trips career proves to me that he is a man of destiny; towards the end, all the stars connived to install him as Chief Secretary, something he richly deserves. Paulo Coehlo said it beautifully, “When you want something, the entire universe conspires in helping you to achieve it. The kid from Agha Nagar of Kurhani Block Muzaffarpur, trekked a long way and punched beyond his weight.

Trips is a large-hearted fellow, his interests are Books, Music and Films in that

order. He has had enormous zest for life. He cultivated a variety of interests and has an enviable range of friends. His persona is devoid of two traits, "envy and jealousy." For the three and half decades that I knew him, he never bemoaned, he took things in his stride. He unwinds himself reading books, listening to music and playing with his dogs. Trips is quite a bibliophile; his library has an eclectic collection. He read authors like Franz Kafka, Marcel Proust, Saul Bellow etc. He stood for what Winston Churchill said, "Success is not final, failure is not fatal, and it is courage to continue that counts."

In early days of his career, I remember him taking part in Himalayan Car rally, in his Fiat Premier Padmini. He was a patron of classical music; he used to entertain artists at his Chhajjubagh Quarter.

Later years his interest in Media and film making, got wings when he headed the FTII (Film and Television Institute of India), Pune. He had faith in the next generation, as he bestowed opportunities on young artists, when he headed Doordarshan as its Director General.

Trips met Ms. Sujata Prasad at JNU and their journey of togetherness commenced. Ms. Sujata, his eminently suitable wife, played anchor in his life. Sujata a career bureaucrat, recently, co-authored a book on Late Jaya Prakash Narayan titled, "The Dream of Revolution." I had the privilege to attend the book launch at IIC, New Delhi. None less than Mr. Raj Mohan Gandhi praised the scholarship of the work. Over the years, Trips and Sujata hosted us at their home. Ms. Sujata is an engaging conversationalist, received Trips friends with friendly warmth of a gracious hostess. Sujata is a patron of arts and handicrafts. The 85 batch recollects with relish her short stint in Government of Bihar, when Trips was SDO, Hajipur.

Trips son Vivan shows the great promise. Vivan has his own firm Koan consulting, has sharp insights in the convergence of 'Economics, I.T and Regulatory' issues and contributes numerous articles in this area; besides Vivan is a Guitarist. Trips and Vivan share interest in Music and swimming. As a family 'Trips, Sujata and Vivan' are torch bearers of Liberal Thought and are dog lovers.

As he leaves the system with a flourish and with such variegated interests, time will never hang long on him, in years to come.

Betrand Russell in his book, 'The Conquest of Happiness' says, "The secret of happiness is this: let your interests be as wide as possible, and let your reactions to the things and persons that interest you be as far as possible friendly rather than hostile." Trips knew the secret and practiced it. May the Almighty bless "Trips, Sujata and Vivan." Trips! Have a great time wherever you are, good luck to you.

**Rabindra Panwar:**

Congratulations dear Trips on successful completion of an illustrious career. We are proud of your achievements as a civil servant, and extend Best Wishes for the second innings.

**Vyasji:**

@Tripurari Sharan IAS, I am away from India; so couldn't be present in your farewell. However, on this occasion of superannuation, I wish you all success in your new pursuits and avocations which I know you, a tireless and well spirited person, will certainly undertake. A great lover of sports, cinema, theatre, music and literature, you will now flourish and take long strides and I am confident with this you will enrich not only this State but whole of India! I wish you and Sujata good health and happiness in the New Year and years to come! Stay blessed!

**Chaitanya Prasad:**

I really regret not being a part of the farewell function of our colleagues today. I had to take my wife to the Doctor's for an appointment at just that time.

I have had the good fortune of working directly with 4 of the 6 officers who are superannuating today and I found that all of them were wonderful human beings apart from being excellent officers. Just a few words about them:

Tripurari Sir (better known as 'Trips' to everyone who knows him)!

Sir, I would like to start by saying that you have this tremendous knack of making people comfortable in your presence. What one can learn from you is that one can get work done with high efficiency without having to rant and rave or shout at people. Even while getting high output delivered from the officers, you could rib people good-naturedly and crack jokes. With your wide and eclectic interests, you are very comfortable in your skin. It was an absolute pleasure to work with you.

Sanjay ji, 'I remember with fondness our work together both at Muzaffarpur (where you were instrumental in shifting the focus of the urban self-employment scheme for benefiting former sportspersons who could not achieve much since they had spent their prime in playing sports) and in Sports Directorate, where you took forward the concept of Khel Bhawans, Stadiums and Sports Societies at various levels.'

Amrendra ji, 'You worked very hard to formulate and execute schemes of Namami Gange, Amrut, ISBT and so many other schemes. You also had a reputation of behaving very kindly with your subordinates and will be remembered well by them.'

Madhurani ji, 'Although we worked together a long while ago, I remember that you did try your best and were able to deliver all that you were asked to do. You also were pleasantly behaved with all and I wish you the best.'

While I did not have the opportunity of working with the other officers who are superannuating today, I only heard good things about them and wish them the best in their retired life. I hope to continue interacting with all of you.

**As I Reminisce on Trips:**

I have fond memories of my association with the lovable Tripurari Sharan, nicknamed Trips by those who love him. He was born in the year I entered IAS. He acquired a celebrity status after his stint as Director in the FTII, Pune during 2003-2008 and later as DG of Doordarshan. If I remember correctly, I had my first interaction with him in 1989 when I was principal secretary to CM and he had met me to facilitate his plan to go abroad on training or something. I do not know if he remembers this meeting and whether I had been of any help to him. But, right since then my heart always oozed out love (*Vatsalya*) for him and blessings for his spouse, the erudite Sujata. I have heard good words about their promising son Vivan also. Her father, Prof Bimal Prasad and uncle, Mr Kamala Prasad always showered abundant affection on me as long as they lived.

Years later, when I was translating Tagore's English Gitanjali into Hindi poetry, I had the good fortune of meeting Trips in his office when he was the Director General of Doordarshan. He overwhelmed me by the courtesy he extended to me. He shared with me the homemade tasty lunch. His trophy, which is now in my proud possession, came to me in the form of a facsimile of English Gitanjali written in longhand by Kaviguru Tagore himself.

Years later, when he rang me up after taking over as CS, my voice choked with emotion and my eyes welled up and I could hardly utter a few words, before saying 'We would talk later.' I was overjoyed simply because he got at the end of his career what he had richly deserved. The emotional surge came because the post of CS that had eluded him till then was put into his lap by the gracious CM, after the sad demise of Arun Kumar Singh.

I conclude by saying that with the completion of his tenure, Trips has left behind an enviable reputation as an emulative example of what a civil servant should be like. I'm sure, Trips shall continue to remain as prolific as ever before — RU Singh.

□□

कविता

– **सुरेन्द्र प्र० सिन्हा,** भा०प्र०से० (से०नि०)

# नूतन वर्ष – 2022

आइये, हम एक–दूसरे को
समझने का प्रयास करें,
खामियां ढूंढते–ढूंढते तो
यह हालात बना रखा है
कि किसी को किसी का ऐतबार नहीं।

आइए, एक–दूसरे की सिफत ढूंढें,
इतने वर्ष अगर साथ रहे,
पैर हवा में तो नहीं लटकाए होंगें,
पॉव तो हमेशा जमीन पर ही टिकते हैं,
आसमान तो देखने की चीज है।

आओ, माटी के वजूद को स्वीकार करें,
रिश्तों को मजबूत करें,
एक दूसरे की जरूरत बन जाएं।,

आमने–सामने हों या नहीं,
हवा और ईश्वर की तरह,
अदृश्य होते हुए भी,
एक दूसरे का एहसास हो।



उम्र के इस ढलान पर, एक–एक कर,
बहुत कुछ छूटता जा रहा है –
दृश्य, व्यक्ति, सम्बन्ध और स्मृतियां,
जो कुछ बच गयी हैं, उन्हें सहेज लें,
उनके फिसलने के पहले।

अभी भी ऐसा कुछ कर लें,
व्यक्ति तो विस्मृत हो जाय,
स्मृतियां लेकिन बनी रहें।

विनम्र निवेदन,
शुभेक्षा और एक आकाश–कुसुम।

□□

– **जिया लाल आर्य,** भा०प्र०से० (1969)

# कानून का राज



मुझे एक रोचक और साहसिक घटना का स्मरण हो रहा है। मैं समस्तीपुर का जिलाधिकारी था। मुख्यमंत्री के ससुर ने एक दिन बताया कि मुख्यमंत्री जी आप से नाराज हैं। मुख्यमंत्री की ससुराल मेरे जिले में ही थी। मैंने उनसे यह जानने की उत्सुकता दिखाई कि मुख्यमंत्री जी मुझसे क्यों नाराज हैं। मैंने तो ऐसा कोई काम नहीं किया है जिससे मुख्यमंत्री जी नाराज हों। उनके ससुर जी ने बताया कि वर्मा से आए शरणार्थियों के लिए जमीन अधिग्रहण का कोई मामला है। सरकार की कैबिनेट का आदेश हो चुका है, पुनरपि आप शायद, उस आदेश को नहीं मान रहे हैं।

यह सुनकर मुझे पूर्ववर्ती घटनाएं परत–दर–परत स्मरण–पटल पर आने लगी। मैंने उन्हें पूरी जानकारी दे देना उचित समझा, जिससे मुख्यमंत्री जी की नाराजगी दूर हो सके। मेरे पूर्ववर्ती जिलाधिकारी ने बिहार भूमि सुधार (अधिकतम सीमा निर्धारण एवं अधिशेष भूमि अर्जन) अधिनियम, 1961 जिसे आम तौर पर 'भू–हदबंदी अधिनियम' कहा जाता है के बड़े मामले अपने न्यायालय में निष्पादनार्थ रखा था। समस्तीपुर जिले के उजियारपुर अंचल के एक प्रतिष्ठित जमींदार की भी जमीन पर भू–हदबंदी अधिनियम का भी केस था। जमींदार की पहुंच बड़े अधिकारियों और राजनेताओं तक थी।

बिहार–भू–हदबंदी अधिनियम की धारा–3 में यह प्रावधान है कि 'इस अधिनियम के उपवन्ध, तत्समय प्रवृत किसी विधि, रूढ़ि, प्रथा या करार अथवा न्यायालय की किसी डिग्री में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, प्रभावी होंगे।' इसका अर्थ है कि जिस जमीन पर भू–हदबंदी अधिनियम लागू हो चुका है उस जमीन पर और कोई भी अधिनियम लागू नहीं होगा। सम्बन्धित जमीन पर नोटिफिकेशन मेरे पूर्ववर्ती जिलाधिकारी ने ही कर रखा था। मेरे पूर्वाधिकारी का स्थानान्तरण सचिवालय के राजस्व एवं भूमि विभाग में सचिव के पद पर हुआ। उन्होंने ही एक पत्र समाहर्ता को भेजा था जिसमें निर्देश था कि उजियारपुर के जमीन्दार की जमीन का अधिग्रहण 'बिहार–भूमि अधिग्रहण' के अन्तर्गत अधिग्रहीत कर सरकार को सूचित किया जाय, जिससे उस जमीन पर वर्मा से आए शरणार्थियों को वासित किया जा सके। पत्र में यह भी लिखा था कि राजस्व मंत्री की इच्छा है कि जमीन का अधिग्रहण त्वरित गति से की जाय, जिससे शरणार्थियों को यथाशीघ्र बसाया जा सके।

मैंने सम्बन्धित भू–हदबंदी अधिनियम के अभिलेख को निकालकर देखा। उसमें भू–हदबंदी अधिनियम की कार्रवाई मेरे पूर्व के जिलाधिकारी, अब राजस्व सचिव, द्वारा की जा चुकी थी। मैंने भू–हदबंदी अधिनियम की धारा–3 का उल्लेख करते हुए पत्र का उत्तर भेजा कि चूंकि सन्दर्भित जमीन पर भू–हदबंदी अधिनियम की कार्यवाही चल रही है अतः बिहार भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अतर्गत कार्यवाही नहीं की जा सकती है। साथ ही मैंने सुझाव दिया कि भू–हदबंदी अधिनियम के अन्तर्गत सम्बन्धित जमीन का अधिग्रहण करके यथाशीघ्र सरकार को सूचित कर दूंगा। सरकार अपने विवेकानुसार वर्मा के शरणार्थियों को बसाने का काम कर सकती है। मैंने सोचा था कि सरकार ने शायद मेरे सुझाव को मान लिया है।

कुछ दिनों के बाद राजस्व सचिव ने दूरभाष पर सूचित किया कि आपका पत्र मिल गया है। आपने जो कानूनी अड़चन बताई है वह सही है, परन्तु मंत्री जी चाहते हैं कि उक्त जमीन का अधिग्रहण लैण्ड एक्वीजीशन एक्ट के अन्तर्गत किया जाय। जब सरकार का स्पष्ट आदेश है तब जमीन अधिग्रहण में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कृपया आवश्यक कार्यवाही कर सूचित करें। और हो सकता है कि मंत्री जी आपको बुलाकर भी अपना आदेश संसूचित करें। राजस्व सचिव की बात से मुझे महसूस हुआ कि सरकार की ओर से मेरे ऊपर दबाव डाला जा रहा है, फिर भी मैंने निर्णय लिया कि कानून का अनुपालन करना ही उचित होगा।

एक सप्ताह बाद राजस्व मंत्री के पी.ए. का फोन आया कि मंत्री जी बात करना चाहते हैं। मंत्री जी ने बिना किसी प्रकार की अप्रसन्नता व्यक्त किये हुए कहा कि आर्य जी आप तो जानते है कि वर्मा से काफी शरणार्थी बिहार में आए हुए हैं। उनके पुनर्वास के लिए आपके जिले को चुना गया है। वहां पर उजियारपुर के जमीन्दार की जमीन है जिसे वे देने लिए तैयार हैं। आसन्न परिस्थिति को देखते हुए सरकार का निर्णय है कि उक्त जमीन को आप लैण्ड एक्वीजीसन अधिनियम के अंतर्गत अधिग्रहीत कर यथाशीध्र उपलब्ध करा दे। शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए भारत सरकार भी चिन्तित है।

सर, आप की बात अपनी जगह सही है। वर्मा के शरणार्थियों को पुनर्वासित करना न केवल प्रशासन की जिम्मेदारी है अपितु मानवता की मांग भी है। परन्तु सम्बन्धित जमीन पर भू–हदबंदी कानून लागू हो चुका है। अधिग्रहण की कार्यवाही प्रगति पर है। लैण्ड सीलिंग एक्ट में प्रावधान है कि जहां यह कानून लागू हो जायेगा, वहां दूसरा कोई भी अधिनियम लागू नहीं होगा। ऐसी स्थिति में लैण्ड एक्वीजीशन एक्ट के अंतर्गत इस जमीन को अधिग्रहित नहीं किया जा सकता है। जहां तक इस जमीन की उपलब्धता की बात है, मैं यथाशीघ्र इसे भू–हदबंदी अधिनियम के अंतर्गत अधीग्रहीत करके सरकार को सूचित कर दूंगा। और शरणार्थियों को वहां पर बसाया जा सकेगा। मंत्री जी को मेरा सुझाव पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश का पालन करने में आप अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। पटना आइये। मैं बात करना चाहूँगा।

दूसरे दिन मैं मंत्री जी से उनके कार्यालय कक्ष में मिला। उन्होंने मुझे पूरा सम्मान दिया और कहा, 'आपको मैंने दूरभाष पर बताया था कि सरकार ने निर्णय लिया है कि उजियारपुर के जमींदार की खानपुर की जमीन बिहार भूमि–अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत अधिग्रहण किया जाय। भू–हदबंदी अधिनियम के अन्तर्गत अधिग्रहण करने में समय लगने की सम्भावना है। यह आप भी जानते हैं।'

सर आपकी बात बिल्कुल सही है परन्तु भू–हदबंदी अधिनियम की धारा–3 के अंतर्गत प्रावधान है कि इसके ऊपर कोई दूसरा अधिनियम लागू नहीं होगा। अतः बिहार भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत जमीन का अधिग्रहण गैर कानूनी होगा और सम्भव नहीं है।

कलक्टर साहेब नियम–कानून तो सरकार ही बनाती है। भू–हदबंदी अधिनियम के अंतर्गत जमीन का मुजावजा भी तो बहुत कम है। इससे भूधारी को काफी नुकसान होगा। अतः यदि आप चाहते हैं कि बिहार भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तावित जमीन का अधिग्रहण किया जाय तो बिहार भू–हदबंदी अधिनियम की धारा–3 संशोधित करना होगा।'

मंत्री जी ने थोड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, 'ठीक है सरकार का लिखित आदेश आपको भेजा जायेगा। उसके बाद तो आपको कोई कठिनाई नहीं होगी।' मैंने बिना किसी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त किये मंत्री जी से विदा ली।

करीब दो सप्ताह बाद मंत्रीमंडल द्वारा पारित आदेश की सूचना मुझे राजस्व–सचिव के हस्ताक्षरित पत्र के साथ संलग्न कर प्राप्त हुई। पता चला कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने मंत्रिमंडल के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया था। जिसमें वर्मा शरणार्थियों को बसाने का पूरा विवरण दिया गया था। मंत्रिमंडल ने विभाग के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था, जिसकी सूचना मुझे दी गई थी। इसी सिलसिले में मुझे ज्ञात हुआ कि भूधारी ने मंत्री महोदय से मिलकर अनुरोध किया था कि मेरी जमीन भू–हदबंदी कानून के अंतर्गत आ गई है जिसे किसी हालत में नहीं बचाया जा सकेगा। अतः मेरा अनुरोध है कि मेरी जमीन का अधिग्रहण बिहार भूमि अर्जन अधिनियम के अंतर्गत करने के लिए कलक्टर को आदेश दिया जाय।

मंत्री जी ने भूधारी से कहा कि सरकार को वर्मा के जमीन की आवश्यकता तो है शरणार्थियों को बसाने के लिए परन्तु कलक्टर का कहना है कि जमीन का अधिग्रहण भू–हदबंदी कानून के अंतर्गत हो।

मंत्री महोदय, भू–हदबंदी अधिनियम के अंतर्गत उक्त जमीन का प्रतिकर मात्र 120 रुपये प्रति बीघा है जबकि बाजार दर 900 रुपये प्रति बीघा से अधिक चल रहा है। भूमि अर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रतिकर का निर्धारण प्रचलित बाजार दर पर किया जाता है, जिसमें अत्यधिक बिलम्ब की सम्भावना है। कानूनी दांव पेंच बहुत है। भूधारी चाहे तो इसे पीढ़ियों तक लटकाए रख सकता है। इसके अतिरिक्त मुआवजा की शक्ति बन्धपत्र के माध्यम से दी जायेगी। हमें न तो मुआवजा समय पर मिलेगा और न आपको जमीन। परेशानी अकूत होगी। साथ ही करीब आठ–नौ सौ रुपया प्रति बीघा का नुकासान अलग से होगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि मेरी जमीन का अधिग्रहण बिहार भूमि अर्जन अधिनियम के अंतर्गत कीजिए।

'मैं समझ गया। आप काफी दूर की सोच रहे हैं। ठीक है आपके प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा।' मंत्री जी ने इस आश्वासन के साथ भूधारी को विदा किया।

मैंने राजस्व सचिव को भू–हदबंदी अधिनियम के प्रावधान को संलग्न करते हुए उत्तर भेज दिया कि जब तक भू–हदबंदी अधिनियम में धारा–3 का समावेश है तब तक भू–अर्जन अधिनियम को लागू करना गैर कानूनी होगा। अतः इस तथ्य से सरकार को अवगत कराया जाय। संदर्भित पत्र को भेजने के दो–तीन दिन पश्चात् ही मेरी मुलाकात मुख्यमंत्री के ससुर से हुई थी और उन्होंने मुख्यमंत्री की नाराजगी की सूचना दी थी। मैंने उन्हें पूरा विवरण देते हुए अनुरोध किया था कि वे मुख्यमंत्री जी को इन तथ्यों से अवगत करा दें। अन्यथा यदि कभी कोई जांच हुई, सरकार के कार्यकलाप पर, तो यह पहला मामला होगा, सरकार के विरूद्ध और इसका उत्तर देना सम्भव नहीं होगा।


मुख्यमंत्री के ससुर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ॰ जगन्नाथ मिश्र को मेरी बातों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री जी ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से सम्बंधित संचिका मगवाई। उन्होंने पूरे प्रकरण को समझा। महाधिवक्ता की कानूनी सलाह ली और निर्णय लिया कि जिला कलक्टर के प्रस्ताव के अनुसार कार्रवाई की जाय।

यह समाचार बिहार के दैनिक समाचार पत्रों में मुख्य समाचार के रूप में प्रकाशित हुआ जिसे देखकर मुझे कानून की जीत पर आत्मिक संतोष हुआ।

□

– **अभयानंद,** भा॰पु॰से॰ (अवकाश–प्राप्त)

# एक अधिकारी ऐसा भी



भीड़ थी, टैक्सी के पीछे लटक कर यात्रा की .....

जिंदगी की डगर पर अनेक प्रकार के प्राणी मिलते हैं जो अनेक प्रकार की अनुभूतियां पैदा कर जाते हैं। कुछ आजीवन अमिट छाप छोड़ जाते हैं तो कुछ सहज ही मिट जाते हैं।

वर्ष 1983 में मेरा पदस्थापन बिहार के औरंगाबाद जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में हुआ था। स्वाभाविक रूप से वहां के जिला पदाधिकारी से मुलाकात हुई और सरकार की कार्यप्रणाली के अनुसार मिलने का दौर एवं सिलसिला चल पड़ा।

'आपकी जीप पर मदनपुर चलना है।' अनुरोध आया जिला पदाधिकारी महोदय का। हम तुरंत ही पुलिस की जीप पर रवाना हो गए। रास्ते में उन्होंने बताया कि वे कुछ बहुत आवश्यक निजी कार्यवश अवकाश पर रांची जा रहे हैं। मैं हतप्रभ रह गया। समझ नहीं पाया कि पुलिस जीप से चलने का प्रयोजन क्या है।

'आपके साथ जीटी रोड पर जिले की सीमा के पार तक चलूंगा।' मैंने उनसे प्रश्न नहीं किया। मेरे मन में उनके लिए अत्यधिक सम्मान था जो उनके पूरे जीवन काल तक रहा और आज भी है। उम्र में भी बड़े थे। जिले का सरहद पार कर गए। उन्होंने अनुरोध किया की जीटी रोड पर चरही जाने वाली ट्रक पर सवार होकर निकल जाने का इरादा है। मैंने अपने ड्राइवर से कहा की हाथ देकर एक कोयला वाले ट्रक को रुकवाइये।

जब तक यह प्रक्रिया चल रही थी मैंने उनसे कौतूहल शांत करने के लिए प्रश्न पूछ ही डाले। 'आपने औरंगाबाद से कोई बस क्यों नहीं ली? चरही से आगे रांची कैसे जाइयेगा? आपके साथ कोई नहीं है, कठिनाई तो नहीं होगी?' अनेकों प्रश्न कर डाले।

'आप चिंता न करें, कोई समस्या नहीं होगी।' मुस्कुराती हुई मुद्रा में उत्तर मिला।

ट्रक रुक गई थी। मैंने ड्राइवर से कहा कि डीएम साहब हैं, चरही तक जाएंगे, ठीक से ले जाइयेगा, तकलीफ नहीं होनी चाहिए। ड्राइवर और खलासी दोनों के चेहरे पर विस्मय और हर्ष का मिश्रित भाव दिखा।

खलासी ने अपने लिए जो लकड़ी का पटरा होता है उस पर चादर बिछाकर अपने नए मेहमान का स्वागत किया। डीएम साहब ट्रक पर चढ़ने लगे। मुझे उनके हाथ में अखबार का एक पन्ना लपेटा दिखा। गौर से देखा तो पता लगा कि कुछ कपड़े बांधे हुए थे। वे ट्रक पर सवार हो चुके थे। प्रणाम किया और मैं भी वापस औरंगाबाद अपनी जीप से लौटने लगा। बहुत सारे प्रश्न थे।

उनके लौटने पर मैंने उनसे पूछा कि चरही से रांची कैसे गए? जवाब मिला–'जीप टैक्सी से। भीड़ थी। पीछे लटककर गया था।'

बीरेन्द्र कुमार सिन्हा, 1975 बैच के बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी। यह परिचय है उस व्यक्ति का। भारत सरकार के ग्रामीण विकास के सचिव के पद से सेवानिवृत हुए। दुनिया को भी अलविदा कह चुके हैं।

याद रह जाएंगे वे लोग जिन्होंने आमलोगों की नजरों में बड़े पदों पर रहकर अपने को 'छोटा' बनाकर, महामानव बना लिया।

धन्य हैं आप।

और वे टूटी साईकल पर आ गए ... ...

हमलोग औरंगाबाद में डीएम और एसपी के पद पर पदस्थापित थे। एक–दूसरे के प्रति सम्मान का भाव था। समय के साथ वे भारत सरकार में ग्रामीण विकास के सचिव हो गए और मैं बिहार का डीजीपी बना।

एक दिन सुबह उनका फोन आया। आवाज में चिर–परिचित अपनत्व से उन्होंने पूछा कि यदि मैं घर पर रहूंगा तो वे मेरे साथ नाश्ता करने आएंगे। मैं खुशी से फूला नहीं समाया और गाड़ी भिजवाने की पेशकश की। उनके साढ़ू भाई भी बिहार सरकार में विकास आयुक्त थे, तो उन्होंने यह कहकर फोन रख दिया कि गाड़ी है, वे आ जाएंगे।

आधे घंटे के बाद वे पहुंचे और सीधे ऊपर मेरे निवास स्थान में आ गए। नाश्ते के बाद नई–पुरानी बातें हुईं। वे चलने को तत्पर हुए। मैं उनके साथ नीचे उतरा। उनकी गाड़ी नहीं देख कर मैं चकित हो गया। लपकते हुए उन्होंने एक टूटी हुई साईकल का हैंडल पकड़ा। 'मेरे साढ़ू भाई के चपरासी की साईकल है जो मैंने उनसे अनुरोध करके लिया है।' बड़ी सरलता से यह कहते हुए, प्रणाम कर, वे निकल पड़े।

विस्मय की अवस्था में कुछ देर तक मैं भारत सरकार के सचिव को बिहार सरकार के चपरासी की टूटी साईकल पर सवार होकर जाते देखता रह गया।

यह कहानी भी है स्वर्गीय बीरेंद्र कुमार सिन्हा की।

□

{लेखक, भा॰ पु॰ सेवा में बिहार संवर्ग के 1977 बैच के अधिकारी एवं 2011–14 के दौरान बिहार के डीजीपी रहे हैं। यह भौतिकशास्त्र के मेधावी छात्र रहे। सेवानिवृत्ति के उपरान्त इन्होंने सुपर–30 कार्यक्रम के अन्तर्गत कोचिंग द्वारा बहुत सारे मेधावी गरीब विद्यार्थियों को आईआईटी, जेईई एवं नीट की परीक्षाओं के लिए तैयार किया। फलतः इनके पढ़ाये हजारों लाभार्थी यत्र–तत्र–सर्वत्र अपना जीवन–यापन कर रहे हैं – प्रधान संपादक}

□□



– **Dr. Birendra Prasad,** IAS (2004)

# Administrative law : The sociology of law



Administrative law is the law that governs the administrative actions. According to Ivor Jennings, the administrative law is the law, relating to administration. It determines the organization, powers and duties of administrative authorities.

The three main stages led to the expansion of the meaning of the term Administrative law, i.e, Laissez Faire, Dogma of collectivism and social welfare state. It is the administrative law which empowers the Executive to function. The constitution does not permit the court to direct or advise the executive in matter of policy or to sermonize qua any matter which under the constitution lies with the sphere of legislature or executive, provided these authorities do not transgress their constitutional limits or statutory powers.

Laissez Faire is a French phrase which means "allow to do". It refers to a political ideology that rejects the practice of government intervention in an economy. The Laissez-Faire theory mainly advocates government non-intervention.

Dogma of collectivism is a value that is characterized by emphasis on cohesiveness among individuals and prioritization of the group over the self. Individuals or groups that subscribe to a collectivist worldview tend to find common values and goals as particularly salient and demonstrate greater orientation toward in-group than toward out-group.

Welfare state is a government that provides for the welfare, or the well-being, of its citizens completely. It provides for physical, material and social needs rather than the people providing for their own. Administrative law is recognized as the most outstanding legal development of the 20$^{th}$ century which advocates for the ideal welfare state.

Administrative law is not codified, documented or well-defined. It is basically unwritten, uncodified or judge made laws. But administrative law is not a newly coined term. In almost every legal system in the world, traces of administrative law can be seen. In India, from Mauryas to Mughals, from Mughals to East India company, administrative law was one of the most advanced branches of law in all of the mentioned periods. It can be said that administrative law is the 20$^{th}$ century's most notable development goes hand-in-hand with society's development. It can be more rightly said that administrative law is the sociology of law and not the philosophy of law. It is the body of those who regulate and control the administration. Administrative

law deals with four aspects:

i. It deals with the composition of administrative authorities and their powers.

ii. It establishes the limits of these authorities' powers.

iii It prescribes the procedures to be followed in the exercise of those powers by these authorities.

iv It controls these administrative authorities by judicial and other means.

It is necessary to have an administrative law system rooted in the basic principles of the rule of law and good administration in order to realize these basic purposes. The following three broad principles guide a comprehensive, advanced and effective system of administrative law:

a. Administrative justice which is at its core, is a philosophy that should be properly safeguarded in making administrative decisions about individual's rights and interests.

b. Executive accountability which is intended to ensure that those who exercise the state's executive powers can be called upon to explain and justify the way they have accomplished this task.

c. Good management, administrative decision and action should be consistent with universally accepted standards such as rationality, fairness, consistency and transparency.

In the context of administrative law, the first step is to determine the government's legal validity or authority of the action. This involves looking at the basis of the legal authority to act, that is, the specific law that gives the lawful authority to act. Basically, constitutional law deals with who is capable of making laws and administrative law deals with representatives of government who have been empowered to act by these laws. Therefore, between constitutional and administrative law, there is a close relationship. Specifically, if the law that empowered the officials of government to act was found to be unconstitutional and invalid, then any actions taken by the official government under that law would also be invalid which leads to a legal remedy for an individual who is adversely affected by this action.

The role of administrative law is to limit government agencies powers and to keep administrative in check. It is not always possible to rely on certain general statutes for the determination of disputes between individuals and public authorities and for that appropriate legislation should be in place to govern such disputes. Administrative law should act as the proper law governing administrative actions.

□□

–संकलनकर्त्ता दीपक आनन्द, भा॰प्र॰से॰ (2007)



# बुद्धं शरणं गच्छामि

जीवन विराट है सागर–सा, हम ऊपर–ऊपर जीते हैं,
घटनाएं हैं लहरों जैसी, हम बहुत अर्थ दे देते हैं।
क्या हुआ जो एक साकी रूठी, क्या हुआ जो एक प्याली फूटी,
अथ अमृत शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

बीते का जिसको शोक नहीं, जो वर्तमान में जीता है,
वह पा लेता अपनी मंजिल, उसका जीवन ही गीता है।
पढ़ लेता जो अपनी किताब, पा जाता जीवन का सुराग,
स्वाध्यायं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

मूढ़ों का रस है प्रभुता में, प्रतिभाशाली झुक जाते हैं,
जीवन की ऊर्जा को सज्जन, यूं ही लड़कर न गंवाते हैं।
सीना ताने चलता दुर्जन, नम्रता संत का है लक्षण,
नम्रत्वं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

संबंध बढ़ाते हो जब–जब, जानना एक दिन टूटेगा,
जो मान दे रहा आज तुझे, वह यार एक दिन रूठेगा।
उस दिन मत तनिक गिला करना, कहकर शुक्रिया विदा करना,
भवितव्यं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

यदि थोड़ा भी हो रस बाकी, कर पहल दोस्ती कर लेना,
सौ तीरथ जाने से बढ़कर, एक रूठा यार मना लेना।
कहने को कोई हमारा है, तब तक ही यह जग प्यारा है,
अब मैत्री शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

हम अपना लिखते भाग्य स्वयं, पर समय बीत जब जाता है,
खुद का ही लिखा न पढ़ पाते, अक्षर धुंधला हो जाता है।
इसलिए नियति को मत मानो, अपना हस्ताक्षर पहचानों,
दायित्वं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

यह जीवन पथ है अद्वितीय, मत लीक पकड़कर चला करो,
कुछ खोजो राह नई अपनी, खुद दीपक बनकर जला करो।
जीवन तर्कों का जाल नहीं, अथवा भेड़ों की चाल नहीं,
अभिनूतन शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

जिन्दगी एक सीता–सी है, संसार भयानक कानन है,
पलभर जो प्रहरी दूर हुआ, हरने को खड़ा दशानन है।
इसलिए स्वर्ण–मृग मत मांगो, लक्ष्मण रेखा को मत लांघों,
अथ साक्षी शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।



हर युग में नाविक आते है, कुछ नूतन घाट बनाते हैं,
तैयार खड़े हों चलने को, वे उन्हें पार ले जाते हैं।
खुल रही एक है नाव अभी, मत कहना मिला न दाव कभी,
अथ सद्‌गुरु शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

कुछ लोग जमा है मंदिर में, कुछ लोग जमा मयखाने में,
कुछ उलझ गए है पूजा में, कुछ उलझ गए पैमाने में।
मंदिर जाओ या मयखाना, जीवन रह जाता अनजाना,
अथ बोधं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

अपने भविष्य के बारे में, मत ज्यादा सोच–विचार करो,
बस चार कदम आगे देखो, जो है उसको स्वीकार करो।
सिंहासन मिलने के पहले, क्या पता कैकेयी जा मचले,
भवितव्यं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

जो बीज आज तुम बोओगे, कल फसल वहीं तो काटोगे,
अर्जन न किये तुम आज अगर, कल क्या लोगों में बांटोगे?
इसलिए बीज बोना सीखो, कुछ कृषक जरा होना सीखो,
अथ उद्यमं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

जीवन न शिकायत की पंजी, जिस पर जो चाहे लिखा करो,
डायरी निजी समझो इसको, खुद लिखा करो, खुद पढ़ा करो।
कुछ नहीं सूझता हो जिस दिन, ढ़ाई आखर लिखना उस दिन,
अथ प्रेमं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

कुछ ने यदि अस्वीकार किया, सोचो कितनों ने चाहा है,
कुछ ने है यदि फटकार दिया, कितनों ने तुम्हें सराहा है।
कांटो से यदि मुड़ जाओगे, कैसे फूलों को पाओगे?
संकल्पं शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

हो मार्ग कहीं अवरूद्ध अगर, कुछ नूतन राह तलाश करो,
बहती दरिया से कुछ सीखो, सम्यक् रह सतत् प्रयास करो।
हर शिला खड़ी रह जाती है, सरिता आगे बढ़ जाती है,
अथ प्रज्ञा शरणं गच्छामि, भज बुद्धं शरणं गच्छामि।।

*

– देवेन्द्रनाथ शाहदेव, देवघर

# हिन्दी का प्रारंभिक काल – एक झलक



सत्यजीत राय के साथ लेखक का एक दुर्लभ चित्र

महात्मा गांधी ने कहा था कि 'सत्य हरिश्चंद्र' नाटक पढ़ने से मेरे जीवन में निर्णायक मोड़ आ गया। नई पीढ़ी के कम ही लोग जानते हैं कि इसके लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र की सभी रचनाएं पटना के खड्ग विलास प्रेस में ही छपी थीं।

अब वह प्रेस तो नहीं है पर आधुनिक हिंदी को उस प्रेस का योगदान अद्भुत है। उन्नीसवीं सदी के उतरार्ध में पटना का वह प्रेस बिहार का गौरव था। हमें बिहार कापरेटिव बैंक के गली में खड्ग विलास प्रेस का काठ के टिपिकल साइन बोर्ड की आज भी याद है जो उसके बंद होने के बावजूद उसके जमींदोज होने का साक्षी था।

बहुत कम लोगों को पता होगा कि उस समय हिंदी साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र खड्ग विलास प्रेस होता था। महाकवि प्रसाद के सभी साहित्यिक कृतियों का मुद्रण यहीं हुआ। कामायनी पुस्तक जब यहां छपने आयीं तो इसका संपादन और संशोधन शिवपूजन सहाय ने किया जो खड्ग विलास प्रेस से गहराई से जुड़े थे।

शिवजी तो स्वयंभू थे सबका गरल पीकर शंकर बन गये। उस समय गोपाल सिंह नेपाली, आरसी प्रसाद सिंह, केदारनाथ प्रसाद सिंह प्रभात, अनूप लाल मंडल, रामवृक्ष बेनीपुरी और तो और दिनकर आदि प्रभृत साहित्यकारों की रचनाओं को सुधारकर पठनीय बनाया। बालक के छद्म रूप में संपादक रूप में तमाम तत्कालीन उभरते साहित्यकारों को जन्म दिया। हिंदी व्याकरण और रचना की अनुपम कृति रचना चंद्रोदय, व्याकरण चंद्रोदय पुस्तक पर भले इनका नाम नहीं है पर मूलतः पुस्तक इन्होंने लिखी है। बालक मासिक पत्रिका पहले खड्ग विलास प्रेस से छपती थी बाद में निजी हिमालय प्रेस से छपने लगी लेकिन शिवजी बराबर इससे जुड़े रहे।

उत्तर प्रदेश के बलिया निवासी महाराज कुमार रामदीन सिंह ने सन् 1880 में पटना के बांकीपुर (बी एन कालेज समीप) में खड्ग विलास प्रेस की स्थापना की थी। भारतेंदु बाबू हरिश्चंद्र और उनके युग के लेखक यदिआधुनिकहिंदीसाहित्य के निर्माता हैं तो निश्चय ही खड्ग विलास प्रेस और उसके संस्थापक को उनका एकमात्र प्रकाशक माना जाता है।

हिंदी भाषी प्रदेशों में सबसे पहले बिहार में सन् 1835 में हिंदी आंदोलन शुरू हुआ था। इस अनवरत प्रयास के फलस्वरूप सन् 1875 में बिहार में कचहरियों और स्कूलों में हिंदी प्रतिष्ठित हुई। किंतु पाठ्यपुस्तकों का सर्वथा अभाव था। खड्ग विलास प्रेस ने विभिन्न विषयों में पाठ्यपुस्तकें तैयार कराकर इनका भी प्रकाशन किया।

इसके बंद होने के पहले मेरे दादा नबावनाथ शाहदेव ने अपनी पहली पुस्तक श्रीवैद्यनाथ चरितावली के प्रकाशन के लिए दिल्ली एक्सप्रेस से पटना पहुंचे तो रात के तीन बज रहे थे और रात के सुनसान में मध्य रात में जब खड्ग विलास प्रेस पहुंचे तो प्रेस का दरवाजा खुला हुआ था और कई लोग अपने पांडुलिपि लेकर छपाई के लिए कतार मे थे। वहां पुआल के गद्दे पर रात बिताई और सुबह

तरोताजा होकर मैनेजर के सामने पेश हुए। उस समय प्रेस के हदूद में ही नाश्ते की दुकान में आगत मेहमानों के लिए जलेबी कचौड़ियों का निशुल्क इंतजाम रहता था। आद्योपांत संस्कृत में रहने की वजह से उसकी कंपोजिंग में समय लगने की बात कही गयी और मेरे पर दादा भारी रुप से निराश हुए। बाद में वह इसकी छपाई के लिए मतवाला प्रेस, कलकत्ता गये और वहीं यह पुस्तक छपी।

रामदीन सिंह का बचपन पटना जिले के तारणपुर गांव में बीता जहां उनके मामा का घर था। रामदीन सिंह के पुत्र सारंगधर सिंह भी बुद्धिजीवी, राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे सन् 1937 में डा. श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल में संसदीय सचिव थे। बाद में वे बिहार से संविधान सभा के सदस्य बने। उन्होंने सन् 1953 से 1962 तक पटना का लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। रामदीन सिंह से भारतेंदु हरिश्चंद्र के आत्मीय संबंध की झलक उनके आपसी पत्र–व्यवहार से भी मिलती है।

23 सितंबर 1882 को भारतेंदु हरिश्चंद्र ने बाबू रामदीन सिंह को लिखा,'इस पत्र के पीछे जो नोटिस है, मेरे अनुरोध को क्षत्रिय पत्रिका में छाप दीजिएगा। भवदीय, हरिश्चंद्र।'

'सूचनाः 'मेरी बनाई वा अनुवादित वा संग्रह की हुई पुस्तकों को श्रीबाबू रामदीन सिंह खड्ग विलास के स्वामी छाप सकते हैं। जब तक जिन पुस्तकों को ये छापते रहें और किसी को अधिकार नहीं कि छापें। –हरिश्चंद्र।'

मैंने पहल भी बिहार के समीचीन साहित्यकारों के बारेमें बहुत विस्तार से लिखा है। खड्गविलास प्रेस पर लिखने पर बिहार के समस्त उदीयमान कथाकारों पर स्वतः रोशनी पड़ती है। मेरे पर दादा नबावनाथ शाहदेव परिष्कृत साहित्य के सुधी व्यक्ति थे। उनकी रचना श्री वैद्यनाथ चरितावली खड्ग विलास प्रेस से भले ही नहीं छप सकी और वह कलकत्ता के मतवाला प्रेस से छपी, जिसके संचालक सेठ महादेव प्रसाद मतवाला होते थे। वहां भी प्रमाणित साहित्य को मुद्रण के लिए स्वीकार किया जाता था। उस समय वहां रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद साहित्य की छपाई हो रही थी जिसके अनुवादक महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला थे। निराला ने श्री वैद्यनाथ चरितावली की प्रस्तुति से प्रभावित होकर प्रूफ संशोधन का काम स्वीकार कर लिया और उसकी प्रस्तावना भी लिखी।

उनके निराले कद काठी और संत रुप को देखकर मेरे पर दादा नबावनाथ उनके हम साया बन गये और बाद में दोनों में पत्राचार चलता रहा। श्री वैद्यनाथ चरितावली की एक सौ प्रतियां ही छपीं और शीघ्र प्रेमियों के बीच बंट गयीं। उसके छपने में तत्कालीन सरदार पंडा महामहोपाध्याय भवप्रीतानंद ओझा के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। वह पर दादा के समीपेषुओं में एक थे। बाद में इस पुस्तक की उपादेयता के मद्देनजर वेंकटेश्वर स्टीम प्रेस, मुंबई से इसका प्रकाशन हुआ। लेकिन आज वह पुस्तक दुष्प्राप्य है और उसकी मूलप्रति उपलब्ध नहीं है। उसकी एक प्रति पंडित हंसकुमार तिवारी के पास मैंने देखी है।


दो दिन से मैं सर्दी–जुकाम और बुखार से बिस्तर पर निस्पंद पड़ा हूँ और अग्रज तुल्य मुचुकुन्द दुबे, भारतीय विदेश सेवा के आग्रह पर मध्य रात्रि में लिख रहा हूँ। मैं जैसा चाहता था वैसा लिख नहीं पाया। बहुत सी सामग्रियां कहने से छूट गयीं है।

{11 सितंबर 1951 को जन्मे एवं देवघर में निवासित, लेखक एक अद्‌भुत व्यक्तित्व के स्वामी हैं। पत्रकारिता में पैठ एवं रेडियो–प्रसारण में संलग्नता के अतिरिक्त सिनेमा पर लेखन में इन्हें महारत हासिल है। सम्प्रति किडनी–पीड़ित हैं एवं ट्रांसप्लान्ट के लिए प्रतीक्षारत हैं। ईश्वर इन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें, यही प्रार्थना है–प्रधान संपादक।}

□□

— **RU Singh,** IAS (1961)

# James Michael Lyngdoh, IAS (BH-1961)



Born in an educated Khasi family of Meghalaya on 8 Feb 1939, James Michael Lyngdoh (Jimmy to me) had his schooling in St Edmund's School at Shilong and did graduation from St Stephen's College at Delhi. He entered the IAS in 1961 and was allotted Bihar Cadre. He acquired tremendous name and fame from his eventful stint as Chief Election Commissioner of India during the period from June 14, 2001 to February 7, 2004. He had held positions of Secretary to Government of India in the Cabinet Secretariat and Tourism Ministry before his appointment as one of the three Election Commissioners in 1997. Replying to a question, James told me that he had been inducted as an EC at the instance not of any politician but the CEC, Mr MS Gill with whom he had earlier worked as an additional secretary in the Agriculture Ministry.

Lyngdoh was never shy of engaging in a principled fight against the powers-that-be, just to protect his honour and principles. It is not without reason to treat him as the most independent CEC treading on the footsteps of the legendary TN Seshan. It is relevant to recall an event of 2002 when the Gujarat Governor, on the advice of the State Cabinet, dissolved the State Assembly and ordered elections nine months before its term. As the ECI had publicly opposed the decision in the light of the communal riots in the State, it was attributed to the insinuation that the CEC was a Christian. Lyngdoh could not take this umbrage lying down and his fight culminated in the order of Supreme Court upholding the ECI's decision to defer the Assembly elections in Gujarat.



**James Michael Lyngdoh**

The notable tenures of Lyngdoh in Bihar included his posting as DM of Purnea. While serving at Purnea he spearheaded the lawful execution of land reforms, as a result of which he fell out from the influential landowners who succeeded in getting him prematurely transferred out of the district. He also had en eventful tenure as Commissioner of Santhal Pargana at Dumka and of Kosi Division before he shifted to government of India on deputation. Our batch-mate, Asit Ranjan Bandyopadhyay (Bando), also a protagonist of land reforms, had succeeded Lyngdoh at Dumka.

Lyngdoh has authored some books (which he now out of modesty considers to be not of much significance) and has participated in conferences organised to discuss matters of public importance. He headed a committee constituted by the Supreme Court to study and advise on the procedure of students' elections in Universities. His recommendations were accepted and implemented after due consideration.

After retirement, Lyngdoh has settled down at a village near Hyderabad. He has ever been an avid reader of books and he subscribes to secular values and ethos. His wife, Parveet is a cultured and sophiscated lady, perhaps from north India, who has made the conjugal life of the couple full of happiness. About welcoming visitors to his house, he had said, 'Politicians only by appointment but all others are unreservedly welcome.' The couple has no issues but is fond of dogs, which is symptomatic of human love for the nature that nourishes various kinds of living beings. It cannot be forgotten that when the great Apocalypse (Pralay as in Hindu Mythology) comes and the nature gives way to annihilation of everything. all the human beings shall perish together with all other living beings.

Lyngdoh is widely criticised also for his disdain for politics and politicians whom he outspokenly called cancer of the society after saying goodbye to the ECI in February 2004. Dwelling on the electoral reforms, he expressed the view that (a) a proportional representation system for at least 50% of the seats would reduce electoral malpractices and expenses, and that (b) the ECI should be entrusted with the charge of even the internal elections of political parties in order to improve democracy and the path of political juggernaut.

Soft-spoken, James is a perfect gentleman with a genial temperament and is a loveable and dependable friend. I remember that I used to meet him during my official visits to Delhi when he worked as secretary to government of India. I particularly remember paying visits to him twice in his office on the first floor of Nirvachan Sadan when he held the mantle of the mighty CEC. I found that during such brief meetings, he removed the formal load of CEC from his head and engaged in the discussions, over a cup of tea, on subjects that revived the memories of old times. He overwhelmed me when he himself prepared the tea-mix and offered it to me during the chats. He further beat me down on both occasions when he came downstairs with me to see me off as I sat in my car. Such gestures are possibly shown by a man who conceptualises life as a jumble of ephemeral events. Rarely found are the people who maintain their balance even after tasting power. Surely, nothing could ever deter Lyngdoh from his path to fight for his principles to protect his honour.

In the end, I recall with a sense of pride that, out of the eight of our batch, four of us – Bando, TCA, Jimmy and me – formed a cohesive group of friends, exchanging views and pleasantries among us more often than not. Sadly, Bando and TCA are no more with us now and I cannot but woefully recall that it was James who was the first to call me from Hyderabad to convey the sad news of the passing away at one time of AR Bandopadhyay at Kolkata in 2016 and, later, of TCA Srinivasa Ramanujan on 15 May 2021 at Chennai.

□□

– **राहुल रंजन महिवाल,** भा॰प्र॰से (2004)



# लॉकडाउन और अनलॉक

बचपन से सुनते थे – कई लोग करते हैं अप–डाउन,
अब देख रहे हैं हम – लॉकडाउन का अप–डाउन।
कोरोना की लहरें तो हरदम, यूँ आती–जाती हैं,
जैसे जिन्दगी में खुशी–गम की लहरें उतराती हैं।
जब–जब मुगालता होता है – कि मिल जाएगा छुटकारा,
तभी अचानक आ जाता है, दुश्मन कोविड दोबारा।
ये तो वही बात हुई न! तू डाल–डाल, मैं पात–पात,
नए–नए विषाणु करने लगे हैं, सांसो पर नए आघात।

हम मास्क लगाएँ, दूरी बनाएँ, सीखें हाथों को धोना,
फिर भी न ये मुसीबत जाए, यही दुनिया का रोना।
हौसला अफजाई हुई थी, लगवाकर, डबल डोज टीका,
कोविड उपयुक्त आचरण का, सीखा हम सबने सलीका।
तब जाकर डेल्टाप्लस के बाद आ धमका–ओमीक्रोन,
पता नहीं, फिर अगले वर्ष, आ जाए नए रूप में कौन?

अब आते हैं–लॉकडाउन और अनलॉक के विषय पर,
हमारे शब्दकोष के, दो नए शब्दों के उदय पर।
दो वर्ष पहले तक जो था, अपना लॉक या ताला,
सुरक्षा के मद्देनजर लगाता था, हर कोई अपनेवाला।
चाबी अगर खो भी गई, तो डुप्लीकेट बनवाते थे,
बहुत जरूरी रहा तो फिर, ताला तोड़ काम चलाते थे।

कहाँ पता था–दरवाजे जैसा जीवन भी लॉक–अनलॉक होगा,
एक शॉक से उबरे नहीं कि दूसरा जबर्दस्त शॉक होगा।
दवा और एकांतवास करेंगे, इन सांसों की पहरेदारी,
इक्का–दूक्का संक्रमण से ही, फैल जाएगी पूरी महामारी।
इधर जिन्दगी का लॉकडाउन हुआ कि शुरू मौत का अनलॉक,
बस सांसे बचाए रखने को, हमने छोड़े कितने ही शौक।
रेस्तरां, जिम, मॉल, सिनेमा, पार्क–सबपे ताला जड़ गया,
रोज कमाने–खाने वाला तो बेचारा, बेमौत ही मर गया।


पहले–दूसरे लॉकडाउन की खौफपाक यादे–उफ! गयी नहीं।
सोचा था–अनलॉक होने पर, सब होगा धीरे–धीरे सही।
पर इस 'अनलॉक' का क्रमशः खुलना, बड़ा अजीबोगरीब रहा,
हर तबके ने, हर तकलीफ को, न जाने कितना सहा।
अनलॉक भी कई होते गए–एक, दो, तीन, चार,
बेरोजगारों के देश में, कई गुना बढ़ गए–बेरोजगार।

मुफ्त राशन मिला, पर पैसे से भी बमुश्किल मिला–$O_2$ सिलिण्डर,
अस्पतालों ने बिना डकार लिए अरबों डकारे अन्दर–ही–अन्दर।
दावे कितने बड़े–बड़े! हर चुनौती को हम लेंगे ही तोल
पर संकट के चन्द दिनों में, खुल ही गई इन सबकी पोल।
लेकिन ये लॉकडाउन–अनलॉक, कुछ अच्छा भी सिखा गया,
प्रदूषण और घुटन के जीवन में, लगने लगा कुछ भला नया।।

हम लौटें अपने जड़ों की ओर, गोद में कुदरत के,
पर्यावरण बचाना ही होगा, यही सबों को नसीहत दें।
त्याग दें अंधा बाजारवाद, बंद करें अंधाधुन्ध दोहन,
अन्यथा प्रकृति लगा देगी, मानव जीवन पर ही ग्रहण।
अपनों के बीच बैठें, निकालकर फुर्सत के चन्द पल,
दूर हटाएँ रिश्तों के बीच, बढ़ रही मशीनों की हलचल।।

जरूरतें जितनी कम करेंगे, जीवन होगा उतना बेहतर,
गाँवों को अपने बनाएँ अब, और अधिक सुन्दर, सुखकर।
नहीं तो, प्रकृति यूँ ही दिखाती रहेगी–रौद्रावतार,
इंसान संभल नहीं पाएगा, करती जाएगी इतने वार।
चाँद को भले ही छू लिया हो, हमने, महिमा से विज्ञान की,
कोरोना ने धज्जियाँ उड़ा ही दी, हमारे ज्ञान के अभिमान की।
ये लॉकडाउन–अनलॉक, अगर हमेशा को लॉक करना होगा,
इसके लिए हम सबको, मिलकर ही, सुधारना–सुधरना होगा।

□□



– डॉ॰ अशोक कुमार

# सेवा का सुख

पिछले डेढ़ वर्ष के कोरोना कहर ने अन्य लोगों की तरह मुझे भी अपने नगर में कैदी बनाये रखा। विगत सप्ताह कुछ अति आवश्यक कार्यों के सिलसिले में दिल्ली जाना हुआ। स्टेशन से बाहर आने पर टैक्सी स्टैंड की ओर कदम बढ़ा ही रहा था कि कई टैक्सी वालों ने अपना ग्राहक बनने का निहोरा करते दिखे। बीस कदम आगे बढ़ने पर एक टैक्सी वाले चुपचाप अपनी टैक्सी के बाहर आतुर भाव में नजर आए। मुझे लगा कि वे पूर्व से किसी तय ग्राहक की प्रतीक्षा में होगें। जब मैनें उन्हें चाणक्यपुरी चलने के बारे में पूछा तो वे सहज और सरल भाव से कहा कि अभी मुझे उधर नहीं जाना है,आगे बढ़ जाइये बहुत से टैक्सी मिल जाएंगे।

जिज्ञासु भाव में मैंने नहीं जाने का तरल भाव में कारण पूछते हुए कहा कि भाई, आप जब टैक्सी चला रहे हैं तो कोई भी सवारी दिल्ली के किसी क्षेत्र में जाना चाहे और उसके एवज में आपको समुचित किराया भी मिलेगा तो फिर इंकार किस बात का? एक पल अपनी चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि "सर जी, मैं पिछले पंद्रह साल से टैक्सी चला रहा हूँ और मेरा यह दैनिक संकल्प भगवान पूरा करते हैं कि सुबह की पहली बीमार सवारी जिन्हें दिल्ली के किसी अस्पताल जाना हो उन्हें मैं बिना पैसे लिए सम्बन्धित अस्पताल पहुंचाता रहा हूँ। जबतक ऐसी सवारी नहीं मिलती मैं अन्य कोई दूसरी सवारी को कहीं ले जाने में लाचार रहता हूँ। यह कार्य हो जाने के बाद ही मैं दूसरी सवारी को गंतव्य स्थान उचित किराये लेकर पहुंचाता हूँ।"

उनकी यह बात कुछ क्षण हेतु मुझे हतप्रभ कर दिया और लगा कि मैं किसी कल्पना लोक में विचरण कर रहा हूं। बातचीत के क्रम में एक बीमार व्यक्ति मुझे इस ओर आते दिखा और टैक्सी वाले ने दस कदम आगे बढ़कर बीमार व्यक्ति, उसके एक सहायक और सामान के साथ अपनी टैक्सी में बिठाकर मुझे राम राम कहते टैक्सी में बैठ गया। तत्क्षण मेरी आंखें जाते हुए उस टैक्सी को अपलक निहारती रहीं और मुझे लगा कि टैक्सी वाले की बातें इस भौतिक जगत के क्रियाकलाप के प्रतिकूल सा है। एक ओर सेवा के नाम पर देश के विभिन्न कोनों में धोखाधाड़ी, अविश्वास और हिंसा का समाचार हम बराबर सुनते रहते हैं जबकि प्रेरणा से आच्छादित सेवा का भाव जिस रूप में उक्त टैक्सी भाई ने बताया वह अपनी विरासतीय सेवा के संकल्प को चरितार्थ कर रहा था। देश समाज में अधिकांश साधन संपन्न प्राणी की मनःस्थिति अपने आस पास के निर्धन और सेवा के मोहताज व्यक्तियों के लिए उनके अल्प अंश कृपणता के कीचड़ में सने रहते हैं जबकि अति मध्यम श्रेणी में जीवन यापन कर रहे टैक्सी चालक रोज कमाओ, रोज खाओ के दैनिक दिनचर्या में पंद्रह वर्षों से जारी संकल्प की पूर्ति ने सेवाव्रत के अध्याय में एक अनुकरणीय अंश जोड़ दिया है। मुझे अफसोस हुआ कि उक्त टैक्सी चालक का नाम और उनका फोन नम्बर नहीं ले सका। शायद असली सेवाव्रती का यही प्रमाण है कि वे अनाम और गुमनाम बनकर समाज में अपनी हृदयग्राही पहचान बनाये रखते हैं। इस करुण दृश्य ने मुझे आत्ममंथन को विवश कर दिया, यह हिसाब किताब लगाने में कि मैंने अपने साढ़े छः दशक की जीवन यात्रा में अबतक सेवा प्रकल्प के क्षितिज तो दूर लघु धारा के अणु अंश को भी स्पर्श कर सका हूं या नहीं?

□

(लेखक बिहार प्रशासनिक सेवा के अवकाश–प्राप्त अधिकारी, बीपीएससी के पूर्व सदस्य एवं सम्प्रति बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य के पद पर कार्यरत हैं – प्रधान संपादक)

□ □



– गोपाल सिंह 'नेपाली'

# मेरा धन है स्वाधीन कलम

राजा बैठे सिंहासन पर, यह ताजों पर आसीन कलम,
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

जिसने तलवार शिवा को दी, रोशनी उधर दिवा को दी;
पतवार थमा दी लहरों को, खंजर की धर हवा को दी;
अग—जग के उसी विधाता ने, कर दी मेरे आधीन कलम,
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

रस—गंगा लहरा देती है, मस्ती—ध्वज फहरा देती है;
चालीस करोड़ों की भोली, किस्मत पर पहरा देती है;
संग्राम—क्रांति का बिगुल यही है, यही प्यार की बीन कलम,
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

कोई जनता को क्या लूटे, कोई दुखियों पर क्या टूटे;
कोई भी लाख प्रचार करे, सच्चा बनकर झूठे—झूठे;
अनमोल सत्य का रत्नहार, लाती चोरों से छीन कलम,
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

बस मेरे पास हृदय—भर है, यह भी जग को न्योछावर है;
लिखता हूँ तो मेरे आगे, सारा ब्रह्मांड विषय—भर है;
रँगती चलती संसार—पटी, यह सपनों की रंगीन कलम,
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

लिखता हूँ अपनी मर्जी से, बचता हूँ कैंची—दर्जी से;
आदत न रही कुछ लिखने की, निंदा—वंदन खुदगर्जी से;
कोई छेड़े तो तन जाती, बन जाती है संगीन कलम,
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

तुझ—सा लहरों में बह लेता, तो मैं भी सत्ता गह लेता;
ईमान बेचता चलता तो, मैं भी महलों में रह लेता;
हर दिल पर झुकती चली मगर, आँसू वाली नमकीन कलम,
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

# मैं तेरा चेहरा पढ़ता हूँ

तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मै तेरा चेहरा पढ़ता हूँ,
तू चलती है पन्ने—पन्ने, मैं लोचन—लोचन बढ़ता हूँ।

मै खुली कलम का जादूगर, तू बंद किताब कहानी की,
मैं हँसी—खुशी का सौदागर, तू रात हसीन जवानी की;
तू श्याम नयन से देखे तो, मैं नील गगन में उड़ता हूँ,
तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मैं तेरा मुखड़ा पढ़ता हूँ।

तू मन के भाव मिलाती है, मेरी कविता के भावों से,
मैं अपने भाव मिलाता हूँ, तेरी पलकों की छाँवों से;
तू मेरी बात पकड़ती है, मैं तेरा मौन पकड़ता हूँ,
तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मैं तेरा मुखड़ा पढ़ता हूँ।

तू पृष्ठ—पृष्ठ से खेल रही, मैं पृष्ठों से आगे—आगे,
तू व्यर्थ अर्थ में उलझ रही, मेरी चुप्पी उत्तर माँगे;
तू ढाल बनाती पुस्तक को, मैं अपने मन से लड़ता हूँ,
तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मैं तेरा मुखड़ा पढ़ता हूँ।

तू छंदों के द्वारा जाने, मेरी उमंग के रंग—ढंग,
मैं तेरी आँखों से देखूँ, अपने भविष्य का रूप—रंग;
तू मन—मन मुझे बुलाती है, मैं नयना—नयना मुड़ता हूँ,
तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मैं तेरा मुखड़ा पढ़ता हूँ।

मेरी कविता के दर्पण में, जो कुछ है तेरी परछाईं,
कोने में मेरा नाम छपा, तू सारी पुस्तक में छाई;
देवता समझती तू मुझको, मैं तेरे पैयां पड़ता हूँ,
तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मैं तेरा मुखड़ा पढ़ता हूँ।


तेरी बातों की रिमझिम से, कानों में मिसरी घुलती है,
मेरी तो पुस्तक बंद हुई, अब तेरी पुस्तक खुलती है;
तू मेरे जीवन में आई, मैं जग से आज बिछड़ता हूँ,
तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मैं तेरा मुखड़ा पढ़ता हूँ।

मेरे जीवन में फूल—फूल, तेरे मन में कलियाँ—कलियाँ,
रेशमी शरम में सिमट चलीं, रंगीन रात की रंगरलियाँ;
चंदा डूबे, सूरज डूबे, प्राणों से प्यार जकड़ता हूँ,
तू पढ़ती है मेरी पुस्तक, मैं तेरा मुखड़ा पढ़ता हूँ।

— Editorial Team

# Homage to Departed Souls

**Obituary on the late RS Tiwari, IAS (1969):** Our proactive Resident Commissioner at Delhi, Palka Sahni uploaded, on the IASBihar Whatsapp Group, the extremely sad news of the passing away of Mr Rama Shankar Tiwary (IAS-1969) in the afternoon of 27 January 2022 and, subsequently about the passing away of former chief secretary, Mr Arun Pathak during the night that day.



Mr RS Tiwari

Therefter came a stream of condolence messages praying for Peace to the Soul and strength to the bereaved family to bear the loss, from our members including Rahul Mahiwal, Sanjeev Kumar Sinha, Vijay Prakash, Rashmi Verma, Ravi Mittal, RK Khandelwal, Rabindra Panwar, Rameshwar Pathak, Arvind Choudhary, Anand Kishore, Santosh Mull, Anil Kumar, Arvind K Singh, JRK Rao, Rameshwar Singh, Alok K Sinha, Amrit Lal Meena, Arbind Prasad and Mihir K Singh respectively.
The following members added a few words of homage to the departed soul-

Jayant Dasgupta wrote: "Deeply saddened to hear of Shri Tiwary's passing. We played tennis together in Patna Secretariat for a number of years and I got to know him really well then. He was a warm hearted and affectionate person, who treated his juniors with respect and consideration. He will be missed."

Ashok Chauhan wrote: "Very friendly and helpful senior."

RU Singh wrote: "So sad to know about the passing away of my dear friend RS Tiwari. He was Secretary of our Colony and also my neighbour."

BB Lal wrote: "A very warm hearted person who was always ready to help others. He served our Housing Society as Secretary for a number of years very efficiently and was responsible for the lease to the Society and subsequent sub-lease to the members. A good friend and a nice gentleman. He will be missed by us all."

Santosh Mull wrote: "We played so much Tennis together in 2004-2005 - he had a technically perfect type of Service Action - a rarity- and Tewari Sir remains the President of Bihar Tennis Association till date. He had recently visited my chamber in Tourism and was planning to get something done for Raj Nagar and was full of health."

MA Ibrahimi wrote: "Shri RS Tiwari was Div. Commissioner Saran when I was DM Siwan. He always gave his affection. During the period we welcomed PM Rajiv Gandhi. His blessings were there during conduct of Lok Sabha election 1984 and Bihar Vidhan Sabha election 1985. Since then we were always in touch. I always remembered him as among most affectionate bosses. He was always smiling, enthusiastic and a natural leader. I always had highest regards for him. I feel personal loss to me."

PK Basu, in his message conveyed by Jayant Dasgupta, said: "Yet another brave Bihar cadre IAS officer left this world. Mr Rama Shanker Tiwari was DM Monghyr before me. I used to hear stories of his bravery from the collectorate staff; how he saved his officers from attack by dacoits with only a lathi as his weapon; how he set right unruly leaders by his tough stand. Much later as DM Patna he again handled with firmness some unruly non-gazetted staff mob who had gheroed the Chief Secretary's office. As long as he was DM no more such strikes took place. His army training was

always reflected in his behaviour. It is rare to see such firmness and bravery in the service nowadays. I will always remember him as a gentleman, soft-spoken but firm."

Vyasji wrote: "I understand he suffered from heart failure. Deep condolences to the family and friends."

Vivek K Singh wrote: "RS Tewari sir was an epitome of positivity. Will miss his beaming smiles."

SK Negi wrote: "Shri Tewari was very warm, supportive and man of action. Our Cadre has become poorer. He was Secretary, Tourism Deptt when I was posted as Div. Commissioner Magadh. He was very passionate about the development of Tourist places particularly, Bodhgaya. We will sadly miss him."


Palka Sahni forwarded the message of Anurag Tiwari (9431421922), s/o late RS Tiwari, informing about cremation in Lodhi Crematorium on 28 Jan at 2-00 PM."

Sanjay Kumar made an emotional comment saying: "I recall his neatly brushed silver hair and calm demeanour. Never worked with him but we all know everyone in the cadre."

S Siddharth wrote: "I got associated with him in the Buddha Smriti Park Project, He was a member on the board of the SPV."

VS Dubey, in his message to Anurag, said: "'It is indeed shocking to know that Tiwari is no more. He was so supportive and a great performer."

**Obituary on the late Arun Pathak, IAS (1959):** Palka Sahini informed on 28 Jan, on behalf of late Arun Pathak's daughter, Smt Soniya Pathak (7042672306): "Another heartbreaking news. Arun pathak Sir, 1959 batch, passed away yesterday late night. May the Departed Soul Rest in Peace."



**Mr Arun Pathak**

Condolence messages were sent by Sanjeev K Sinha, BB Lal, Dr Alok Ranjan, Arvind Chaudhary, Sanjay Kumar, Ravi Mittal, Mihir K singh, Sunil Kumar Singh, Rabindra Panwar, Rameshwar Singh and others.

Ashok Chauhan wrote: "Behind his tough posture, he was very sympathetic officer."

RU Singh wrote: "Till some time ago, I had been constantly in telephonic contact. I had worked with him in the cabinet secretariat when he was chief secretary. He was full with wit and humour and fastest in disposal of files. I became so free with him that I considered him more as a friend than boss. I will miss him badly. I pray to God to grant strength to his daughter Soniya to cope with this irreparable loss."

Alok Chaturvedi wrote: "A great mentor and full of wit. We will miss you Sir."

PK Basu, in his message (called befitting tribute by JRK Rao) conveyed by Jayant Dasgupta, gave a graphic description of Mr Pathak's persona, saying: "Arun Pathak 1959 batch was legend. Razor sharp mind, scintillating wit, extraordinarily competent. He was the Commissioner, Bhagalpur Division when I was under training there in 1977-78. His circle inspection notes were models for us young officers. He believed in delivery not procedure or rules (that was generally how IAS officers were expected to be in those days ).

"A voracious reader, he expected his juniors to also read good books all the time. His orders would be cryptic but to the point. Only problem, he couldn't suffer fools. Over a tussle with CM in a file, he ultimately wrote. "चौबे गये छब्बे बनने ( ... ) बनकर आ गये" The blank was because the CM was Shri Bindeshwari Dubey. The best CR writing clearly goes to him when he wrote on someone's CR, 'This officer is duller than he looks.' Such gems you'll find on files, CRs and comments during meetings.

"One of Bihar cadre's finest officers, I'll specially miss him because I had spent several wonderful days with him discussing books, astrology, quantum mechanics and many other topics. He even gifted me a book by Iliya Prigogene, the Nobel laureate in Chemistry. What a man to have known ! I'll trully miss him."

Rameshwar Pathak forwarded a befitting tribute to Mr Pathak by G R Patwardhan: "He was not keeping well for quite a few months. He was an old patient of asthma and the current epidemic made him very weak. Around 2019 June, he was hospitalised for a month and thereafter never regained his health. His wife had passed away a year earlier and books were his only company. Few people know perhaps that he was an excellent painter, could draw portraits of visitors in pencil and was an avid horse rider. As SDO Siwan and as Commissioner Bhagalpur, he was seen riding BMP horses. Though very short spoken, he was full of humour and took pains to put officers at ease after initial exchanges. My elder sister was posted at Bhagalpur and he was conscious about it. But surprisingly, he never encouraged me to have a night halt there,

"Although my HQ Dumka was about 120 kms away and returning there after a divisional meeting in a jeep, was very tiring, his parting comments would generally be, 'So Patwardhan, when you return just give me a ring that you had a safe journey!' This was perhaps because, none of us, Roy Paul and Abhik Ghosh from Monghyr or I myself ever took a police constable as PSO. Rather, the Commissioners also did not have one those days.

"His own collection of books was vast and he kept enriching himself with new ones .He was an avid reader and perhaps not many know that he had deep interest in astrology .

Anil Bhushan Prasad wrote: "Before this onslaught of the virus, I used to meet Sri Pathak at the IIC often; though a little weak, he still had his sharpness."

**Other Sad News:** The first month of the New Year 2022 brought in its wake also the sad news of the passing away of PS Cheema (1966), MrsNilima Thakur w/o AK Thakur (1976) and Mrs Mario Couto w/o late AF Couto (1953). The Editorial Team prays for eternal peace to the departed souls and strength to the bereaved families to bear the irreparable losses.

**Obituary on the late Sardar Saran Singh:** The sad news, circulated by Palka Sahni, of the passing away of Mr Saran Singh (BH-1948) at 99 at Kolkata on 16 February 2022 brought gloom among the members who prayed for eternal peace to the departed soul. Mr Saran Singh was a saintly, pious and honest person. He will always be remembered for his intellectual honesty and respect for all, big or small, who came in his contact.


**Sardar Saran Singh**

Among those who posted their condolences on the Whatsapp included Rameshwar Singh, GR Patwardhan, Dipak Kumar Singh, Vyasji, Ashok Chauhan, BB Lal, RU Singh, JRK Rao, VS Dubey, Rabindra Panwar, SP Sinha, Arvind Singh, Brijesh Mehrotra, Arvind Chaudhary, Ashoke Chauhan and the chief secretary, Aamir Subahani.

Sanjay Kumar uploaded a comprehensive account on the life and deeds of Mr Saran Singh who after retirement settled in Kolkata where he headed the Sikh Cultural Centre and edited the periodical, Sikh Review.

**Obituary on the late KK Tripathi:** Another elderly member who left for his heavenly abode on 17 February 2022 was Mr KK Tripathi. He was an expert on national savings and tax-saving measures. After retirement he also served a term as a member of the BPSC. Those who posted condolence messages on the Whatsapp included GS Prasad, VS Dubey, SP Sinha, Rameshwar Pathak, RU Singh, PS Mukhopadhyay,SP Jakhanwal and Ashok K Mallik (1998).

– **इनायत खाँ,** भा॰प्र॰से॰ (2012)

# शेखपुरा में आकांक्षी जिला कार्यक्रम



आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रथम चरण में शेखपुरा जिला का चयन किया गया है। अब तक इसके पाँचो निहित ध्यानाकर्षण क्षेत्रों पर मिशन मोड में कार्य किया गया है। इसके लिए अभिसरण, सहयोग, प्रतिस्पर्धा एवं क्षमतावर्द्धन के रणनीति के तहत कार्य किये गये हैं। अभिसरण के अन्तर्गत केन्द्र तथा राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अन्तर्विभागीय समन्वय से बेहतर क्रियान्वित किया गया है। इसमें राज्य सरकार का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ। ''मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना'' के कार्यान्वयन से मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, आधारभूत संरचनाओं का विस्तार तथा कौशल विकास, विशेषकर महिला एवं युवाओं, पर बल दिया गया। इसके सफलता में सरकारी तथा गैर सरकारी तंत्र का परस्पर सहयोग अनुकरणीय है। जिला प्रशासन उत्प्रेरक की भूमिका में रहा तथा जनप्रतिनिधियों, प्रोफेशनल्स तथा जनभागीदारी से परिणाम अपेक्षाकृत अधिक रहा। क्षेत्र भ्रमण, पंचायतों में शिविर, चौपाल, माईकिंग इत्यादि से जनसंवाद स्थापित किया गया। ताकि विकास कार्य अधिकाधिक लक्षित वर्ग तक सुगमता से पहुँच सके। इसमें जनप्रतिनिधियों से परस्पर संवाद, सहयोग, सुझाव, प्रतिक्रिया उपयोगी सिद्ध हुई।

इस सकारात्मक प्रतिस्पर्द्धा में पदाधिकारी एवं कर्मियों में श्रेष्ठ करने की चेष्टा के साथ नये तौर–तरीके अपनाने की ललक भी जागृत हुई। फलस्वरूप वर्षों के अनुभव और नई तकनीक के संयोग से प्रशासनिक क्षमताओं में वृद्धि तथा सुशासन तथा सामाजिक लक्ष्यों की प्राप्ति हुई।

क्षमता सम्वर्द्धन इसका अभिन्न अंग रहा। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य और पोषण के अन्तर्गत हमारी ए0एन0एम0/आशा/ए0डब्ल्यू0एच0 का डिजिटल सशक्तिकरण एक उपलब्धि है। ए0एन0एम0 की औसत आयु 50 वर्ष है। लम्बी अवधि तक इन्होंने पारम्परिक कार्यशैली अपनाई, परन्तु अब इनके रजिस्टर का स्थान टैबलेट और स्मार्ट फोन ने ले लिया है। इससे बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन, रियल टाईम अनुश्रवण के साथ सशक्त एवं कौशल कार्यवल सुनिश्चित हुआ है।

रजिस्टर का कार्य अब अनमोल एप्प पर किया जा रहा है। ई–संजीवनी एप्प से टेलीमेडिसीन के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में भी चिकित्सीय सुविधा मिल पा रही है। दवाई के डिमांड–सप्लाई चेन मैनेजमेंट को ई–औषधि से संचालित किया जा रहा है। यह कोरोना संक्रमण के इस काल में एक वरदान की तरह है। सतत् निगरानी और अनुश्रवण का ही परिणाम है कि सभी मानकों में सुधार परिलक्षित हो रहे हैं।

यह कार्यक्रम नई कार्य प्रणाली, सटीक अनुश्रवण, तकनीकी उपयोग से बेहतर संसाधन प्रबंधन, समावेशी विकास और सुशासन का घ्वजवाहक है।

□

{लेखिका शेखपुरा जिला की डीएम हैं। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिसूचित शेखपुरा में लेखिका, इनायत खाँ की, महिला स्वास्थ्य, कुपोषण एवं शिक्षा संबंधी कार्यो में प्रयासों एवं उपलब्धियों के लिए, माननीय प्रधान मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान प्रशंसा की है। इस प्रकार इनायत ने बिहार संवर्ग को गौरवान्वित किया है – प्रधान संपादक}

□□

The World suffers a lot. Not because of the violence of bad people but because of silence of good people. Napoleon.

*

Make no mistake about my personality and my attitude. My personality is who I am. My attitude depends on who you are. Anon.

*

Cultural differences: Bengali-My grandfather lived for 96 years and he never used glasses. Punjabi-Yes I know. Some people in my family also drink directly from the bottle.

*

Two things to remember in life: Take care of your thoughts when you are alone, and take care of your words when you are with people.

*

If you want comfortable journey of life, then shed off the baggage of expectations.

*

**Eight Truths of Life:** 1-Nobody is real in this world except Mother. 2-A poor person has no friends. 3-People do not like good thoughts, they like good looks. 4-People respect the money, not the person. 5-The person you love the most will hurt you the most. 6-Truth is simple, but the moment when you try to explain it, it becomes difficult. 7-When you are happy, you enjoy the Music. But when you are sad, you enjoy the Lyrics. 8-In life, two things define you. Your patience when you have nothing and your attitude when you have everything. APJ Abdul Kalam.

*

Don't crush the dry leafs under your feet. When green, they had given you shelter from the sun's scorching heat. Anon.

*

A request to Ambani by an alcoholic: Sir, please enter into liquor business too and name it Pio. Make liquor free and charge only for snacks. Anon.

*

A man received an auto-corrected message from his neighbor, “Sorry sir, I'm using your wife day and night, when you are not present at home. In fact, much more than you do. I confess this now because I am feeling guilty. Hope you will accept my sincere apologies.” The recipient almost fainted. After a few minutes he received another message, “Sorry sir, for the spelling mistake. I meant, your Wifi.” Lesson: Check the spelling before sending.

*

Don't be disappointed when nobody stands with you. Chanakya said, “I am thankful to those who left me because they taught me that I can do it alone.”

*

When history wishes to punish a tyrant, it places a spade in his hands saying, dig your own grave.” HarishankasParsai.

*

Son is tested after his marriage, daughter in her teenage, husband during wife's illness, wife during husband's poverty, friend in adversity, brother in war and progeny in the old age of parents. Jain Muni.

*

One of the great lessons of 2021 – Nothing is in our Hands but still we must wash them.

□ □

— **Dipak Kumar Singh,** IAS (1992)

# Activities of the IAS Association



**Farewell of the outgoing Chief Secretary**

Shri Tripurari Sharan, (1985 batch) retired as Chief Secretary on the 31st December 2021 and in accordance with the tradition of the Association of organizing farewell in the main conference hall of the Secretariat, when the Chief Secretary retires, we organized farewell for him as well as for 5 other officers, who retired on the same day. Four officers of the 2007 batch, namely, Smt Madhurani Thakur, Shri Arun Kumar Mishra, Shri Sanjay Sinha and Shri Amarendra Prasad Singh and one officer of 2008 batch, Shri Bimalesh Jha superannuated on that day. Several senior colleagues from Patna as well as outside participated virtually through video conferencing. Adesh Titarmare connected from Mumbai and in his characteristic style spoke using film names as phrases. Shri J R K Rao sent a beautiful written message, to be read on his behalf. Bandana Preyasi recalled the tenure of Shri Tripurari Sharan connected with the world of art, culture and films. All the retiring members also spoke recalling their service experiences. Shri Tripurari Sharan almost broke down while recalling that 3 of his batchmates including the preceding Chief Secretary Shri Arun Kumar Singh, left untimely for his heavenly abode in the second wave of covid.

**Special Vaccination Camps for 3rd dose:**

Two special vaccination camps for administering 3rd/booster dose of Covid vaccination were held on 13th and 16th January, wherein respectively 41 and 46 officers/ family members availed of the facility.

**Blanket Distribution:**

The IAS Officers' Wives association distributed 50 blankets through Sister Sudha Varghese of Nari Gunjan amongst the poorest people.]

**Launch of Prayaas Magazine:**

A function was organized by the Editor, Mr Deepak Anand on 22 December 2021 in the Library of the Bihar Museum on Baily Road at Patna for launching the issue of Prayaas Magazine for the 4th Quarter of 2021 by Mr JL Arya (IAS-1969). The function was chaired by Mr IC Kumar (IAS-1961 and attended by Messrs SP Sinha, SS Thakur, Sunil K Singh, AK Choudhary, RU Singh, GS Prasad and Sanjeev Kumar. The Editor welcomed the members and proposed the vote of thanks.

□□

## सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत अधिसूचनाओं के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के स्थानान्तरण, पदस्थापन एवं प्रोन्नति

| क्र॰ | अधिसूचना संख्या/तिथि | संबंधित अधिकारी की प्रोन्नति, पदस्थापन तथा अतिरिक्त प्रभार |
|---|---|---|
| 1 | 14776/09-12-2021 | भा॰प्र॰सेवा के श्री कौशल कुमार (2012)/ श्री कुन्दन कुमार (2012)/ श्रीमती इनायत खान (2012)/ श्री अरविन्द कुमार वर्मा (2012)/ श्री सुनील कुमार यादव (2012) तथा श्री अमित कुमार (2012) को 01.01.21 के प्रभाव से एवं श्री योगेन्द्र सिंह (2013)/ श्री नवल किशोर चौधरी (2013)/ श्री सुब्रत कुमार सेन (2013)/ श्रीमती शैलजा शर्मा (2013)/ श्री धर्मेन्द्र कुमार (2013)/ श्री नवदीप शुक्ला (2013)/ सुश्री रंजिता (2013) तथा श्री आनन्द शर्मा (2013) को 01.01.2022 के प्रभाव से कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (अपर सचिव स्तर, वेतनमान–लेवल–12–रू. 78,800–2,09,200/–) में प्रोन्नति। |
| 2 | 16363/23-12-2021 | श्री संदीप पौण्डरीक, भा०प्र०से० (1993) (केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी के उपरान्त सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना में प्रतीक्षारत) का प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन तथा प्रधान सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना एवं परियोजना निदेशक, बिहार आपदा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण सोसाइटी, पटना का अतिरिक्त प्रभार। |
| 3 | 16695/30-12-2021 | श्री आमिर सुबहानी, भा०प्र०से० (1987), विकास आयुक्त, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, बिपार्ड, पटना/निगरानी विभाग, बिहार, पटना) का मुख्य सचिव, बिहार के पद पर पदस्थापन। |
| 4 | 16696/30-12-2021 | श्री अतुल प्रसाद, भा०प्र०से० (1987), अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना का विकास आयुक्त, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 5 | 16697/30-12-2021 | श्री चैतन्य प्रसाद, भा०प्र०से० (1990), अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना को निगरानी विभाग, बिहार, पटना का अतिरिक्त प्रभार। |
| 6 | 16698/30-12-2021 | श्री चंचल कुमार, भा०प्र०से० (1992), मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना/अतिरिक्त प्रभार–प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जन शिकायत, सामान्य प्रशासन विभाग/मिशन निदेशक, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, पटना को महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान–बिपार्ड, पटना का अतिरिक्त प्रभार। |
| 7 | 16699/30-12-2021 | श्री संदीप पौण्डरीक, भा०प्र०से० (1993), प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–परियोजना निदेशक, बिहार आपदा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण सोसाइटी/प्रधान सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना) का प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 8 | 16700/30-12-2021 | श्री संजय कुमार अग्रवाल, भा०प्र०से० (2002), सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–जाँच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना/आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना) का सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 9 | 16701/30-12-2021 | श्री कुमार रवि, भा०प्र०से० (2005), सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग) को आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना का अतिरिक्त प्रभार। |
| 10 | 16702/30-12-2021 | श्री दयानिधान पाण्डेय, भा०प्र०से० (2006), विशेष सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना) का सचिव समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 16703/30-12-2021 | श्री संदीप कुमार आर० पुडकलकट्टी, भा०प्र०से० (2006), प्रबंध निदेशक, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/अतिरिक्त प्रभार–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना/अतिरिक्त प्रभार–बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना का सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 12 | 16704/30-12-2021 | श्री धर्मेन्द्र सिंह, भा०प्र०से० (2006), निदेशक, मत्स्य (अतिरिक्त प्रभार–विशेष सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना का सचिव, वित्त विभाग, बिहार पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 13 | 16705/30-12-2021 | श्री अभिषेक सिंह, भा०प्र०से0 (टी०आरः 2006), समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, गया/अतिरिक्त प्रभार–बंदोबस्त पदाधिकारी, गया का प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको), पटना के पद पर पदस्थापन है। |
| 14 | 16706/30-12-2021 | श्री गोरखनाथ, भा०प्र०से० (2006), विशेष सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना का सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 15 | 16707/30-12-2021 | श्री अनिमेष कुमार पराशर, भा०प्र०से० (2010), अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना (अतिरिक्त प्रभार–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना) का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 16 | 16708/30-12-2021 | श्री राजीव रौशन, भा०प्र०से० (2010), अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका/मिशन निदेशक, जल–जीवन –हरियाली मिशन/निदेशक, कृषि विभाग, बिहार, पटना) का समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, दरभंगा के पद पर पदस्थापन। |
| 17 | 16709/30-12-2021 | श्री महेन्द्र कुमार, भा०प्र०से० (20115), समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, सुपौल का अपर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 18 | 16710/30-12-2021 | श्री त्यागराजन एस० एम० भा०प्र०से० (2011), समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, दरभंगा (अतिरिक्त प्रभार–बंदोबस्त पदाधिकारी, दरभंगा) का समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, गया के पद पर पदस्थापन। |
| 19 | 16711/30-12-2021 | श्री मिथिलेश मिश्र, भा०प्र०से० (2011), महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएं, गृह विभाग, बिहार, पटना का अपर सचिव, वित्त विभाग के पद पर पदस्थापन। |
| 20 | 16712/30-12-2021 | श्री कौशल कुमार, भा०प्र०से० (2012), समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, सहरसा का, समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी पद पर पदस्थापन। |
| 21 | 16713/30-12-2021 | श्री योगेन्द्र सिंह, भा०प्र०से० (2013) समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, नालंदा, बिहारशरीफ का समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर के पद पर पदस्थापन। |
| 22 | 16714/30-12-2021 | श्री आनन्द शर्मा, भा०प्र०से० (2013), संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–संयुक्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग) का समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, सहरसा के पद पर पदस्थापन। |
| 23 | 16715/30-12-2021 | श्री शंशाक शुभंकर, भा०प्र०से० (2014), समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर (अतिरिक्त प्रभार–बंदोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर) का स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक समाहर्त्ता एवं जिला पदाधिकारी, नालंदा के पद पर पदस्थापन। |
| 24 | 16716/30-12-2021 | श्री मनेश कुमार मीणा, भा०प्र०से० (2015), नगर आयुक्त, दरभंगा का महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, गृह विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 25 | 16717/30-12-2021 | श्री सावन कुमार, भा०प्र०से० (2015), नगर आयुक्त, गया का संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 26 | 16718/30-12-2021 | श्री रवि प्रकाश, भा०प्र०से० (2016), उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, बाँका का निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | 16719/30-12-2021 | श्री मुकुल कुमार गुप्ता, भा०प्र०से० (2016) उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, जहानाबाद का प्रबंध निदेशक, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 28 | 16720/30-12-2021 | श्री अंशुल कुमार, भा०प्र०से० (2016) उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, औरंगाबाद का संयुक्त सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 29 | 16721/30-12-2021 | श्री वैभव चौधरी, भा०प्र०से० (2016) उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, नवादा का संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 30 | 16722/30-12-2021 | श्री विजय प्रकाश मीणा, भा०प्र०से० (2016), उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, वैशाली, हाजीपुर का निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापन। |
| 31 | 192/06-01-2022 | श्री अनिमेष पराशर, भा०प्र०से० (2010), मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना को अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना का अतिरिक्त प्रभार। |
| 32 | 291/07-01-2022 | श्री आदेश तितरमारे, भा०प्र०से० (बी एच : 2006) जो सम्प्रति केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर है, को दिनांक 01.01.2022 के प्रभाव से अधिसमय वेतनमान (सचिव ग्रेड–वेतनमान– लेवल–14– रू. 1,44,200–2,18,200/–) में प्रोफॉर्मा प्रोन्नति। |
| 33 | 16709/30-12-2021 | श्रीमती अश्विनी दत्तात्रेय ठाकरे, भा०प्र०से० (बी एच : 2006) जो सम्प्रति केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर है, को दिनांक 01.01.2022 के प्रभाव से अधिसमय वेतनमान (सचिव ग्रेड–वेतनमान– लेवल–14– रू. 1,44,200–2,18,200/–) में प्रोफॉर्मा प्रोन्नति। |
| 34 | 1086/28-01-2022 | श्री चंचल कुमार, भा०प्र०से० (बी एचः1992), मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव, मुख्य मंत्री सचिवालय, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग/प्रधान सचिव, जन शिकायत, सामान्य प्रशासन विभाग/मिशन निदेशक, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, पटना/महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान–बिपार्ड, पटना) की कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक–36ध्02ध्2022.म्ै;ड.1द्ध दिनांक 18.01.2022 द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अधीन प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के पद पर नियुक्ति। |
| 35 | 1088/28-01-2022 | श्री संजीव हंस, भा०प्र०से० (1997), प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पॉवर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना) को प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल विद्युत निगम, पटना एवं निदेशक, ब्रेडा का अतिरिक्त प्रभार। |
| 36 | 1051/28-01-2022 | श्री विमलेश कुमार झा, भा०प्र०से० (बी एच :2008) दिनांक 31.12.2021 को सेवानिवृत) की सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना में संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्ति। |
| 37 | 1087/28-01-2022 | श्री एस० सिद्धार्थ, भा०प्र०से० (1991), अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, जन शिकायत, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, पटना/महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान–बिपार्ड, पटना का अतिरिक्त प्रभार। |
| 38 | 1275/02-02-2022 | श्री अभिषेक सिंह, भा०प्र०से० (टी आर : 2006), प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको), पटना (अतिरिक्त प्रभार–बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना) का परामर्शी, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना के पद पर पदस्थापन। |

□□

## Photo Gallery

### Administration of Booster Doses in IAS Bhawan on 13th and 16th January, 2022

**Boosted on 13 January 2022**



Mr & Mrs Ashok K Choudhary

**Waiting for Booster on 13 January 22**



Mrs & Mr Sunil K Singh and Anup Mukherji

**Boosted on 16 January, 2022**



Mrs Sumitra Sinha w/o late KD Sinha

**Boosted on 16 January 2022**



Mr & Mrs Surendra Prasad Sinha

**Boosted on 16 January 2022**



Mr BB Lal

**Boost after Booster**



Among the Good Initiatives of IAS Association (Bihar)

# Photo Gallery

## Launch of Prayaas Magazine for Q4 of 2021



[L-R] Messrs SP Sinha, SS Thakur, Sunil K Singh, AK Choudhary, RU Singh, IC Kumar, JL Arya, GS Prasad, Deepak Anand, Sanjeev Kumar

## Pride of Bihar



Tomb of Shershah Suri at Sasaram

Published for the Secretary, IAS Officers' Association, Bihar Branch,
IAS Bhawan, Patna, Ph.: 2225601, 2225602
Printed at : A. K. Enterprises, Patna
Designed by : Abhishek Kumar (9334858565)
Prayaas is also availbale at our website : www.iasbihar.org